साप्ताहिक वन लाइनर्स

1-7 जून 2021

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

1-7 जून 2021

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **पहले सप्ताह** (1-7) जून **2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. वर्ष 2020-21 के लिए लेखा महानियंत्रक (CGA) द्वारा जारी केंद्र सरकार के राजस्व-व्यय आंकड़ों के अनुसार, केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा ______**GDP का 9.3 प्रतिशत।**

नोट:

- वर्ष 2020-21 के लिए केंद्र सरकार के राजस्व-व्यय आंकड़े जारी करते हुए, लेखा महानियंत्रक (CGA) ने कहा कि वित्त वर्ष के अंत में राजस्व घाटा 7.42 प्रतिशत था।
- कुल मिलाकर, राजकोषीय घाटा 18,21,461 करोड़ रुपये है।
- इस वित्तीय वर्ष के लिए, सरकार ने प्रारंभ में फरवरी 2020 में पेश किए गए बजट में राजकोषीय घाटा 7.96 लाख करोड़ रुपये या सकल घरेलू उत्पाद का 3.5 प्रतिशत आंका था।

2. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा ऐसे कितने बागवानी समूहों की पहचान की गई है, जिनमें से 12 को बागवानी समूह विकास कार्यक्रम (CDP) के प्रायोगिक चरण के लिए चुना गया है ________**53।**

नोट:

- प्रायोगिक चरण में, कार्यक्रम के लिए चुने गए कुल 53 समूहों में से 12 बागवानी समूहों में कार्यक्रम लागू किया जाएगा।
- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (NHB) द्वारा कार्यान्वित एक केंद्रीय क्षेत्र के कार्यक्रम, CDP का उद्देश्य चयनित बागवानी समूहों को विकसित करना है ताकि उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।

3. किस उर्वरक निर्माण कंपनी ने किसानों के लिए दुनिया का पहला नैनो यूरिया लिक्विड पेश किया है________**भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड।**

नोट:

- वैज्ञानिकों ने 'आत्मनिर्भर भारत' और 'आत्मनिर्भर कृषि' के अनुरूप नैनो बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर, कलोल, गुजरात में स्वदेशी नैनो यूरिया लिक्विड विकसित किया है।
- नैनो यूरिया लिक्विड पादप पोषण के लिए प्रभावशाली होगा जो बेहतर पोषण गुणवत्ता के साथ उत्पादन को बढ़ाएगा।
- यह भूमिगत जल की गुणवत्ता में एक बड़ा सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करेगा, जलवायु परिवर्तन और संधारणीय विकास पर प्रभाव के साथ ग्लोबल वार्मिंग में अत्यंत महत्वपूर्ण कमी लाएगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

4. CWUR (सेंटर फॉर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग) की वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021-22 में भारतीय विश्वविद्यालयों के बीच कौन सा संस्थान शीर्ष पर है________ **भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद।**

नोट:

- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी विश्व स्तर पर शीर्ष पर है।
- जादवपुर विश्वविद्यालय CWUR रैंकिंग में भारतीय उच्चतर शिक्षण संस्थानों के बीच 18वें स्थान पर है।
- दुनिया भर के शीर्ष 2,000 संस्थानों में से 68 भारतीय संस्थानों ने इस सूची में जगह बनाई है।

5. भारतीय रिजर्व बैंक ने जून 2021 में किस सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द किया ________ **शिवाजीराव भोसले सहकारी बैंक।**

नोट:

- यह बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के कुछ उपबंधों का पालन नहीं कर रहा था।
- बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार निक्षेप बीमा एवं प्रत्यय गारंटी निगम (DICGC) 98 फीसदी से अधिक जमाकर्ताओं को पूरी जमा राशि मुहैया कराएगा।
- एक ऋणशोधनकर्ता नियुक्त किया जाएगा और बैंक को सहकारी समिति रजिस्ट्रार, महाराष्ट्र के द्वारा बंद किया जाएगा।

6. भारतीय बैंक संघ और किस बैंक ने घोषणा की कि सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (PSB) वेतनभोगियों, गैर-वेतनभोगियों और पेंशनभोगियों को कोविड-19 उपचार खर्च के लिए 25,000 रुपये से 5 लाख रुपये के बीच प्रतिभूति-रहित व्यक्तिगत ऋण प्रदान करेंगे__________ **भारतीय स्टेट बैंक।**

नोट:

- ऐसे ऋणों की कर्ज-अदायगी अवधि 5 वर्ष होगी और SBI इन पर 8.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लेगा और अन्य बैंक अपनी ब्याज दर निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र हैं।
- PSB स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी ऋण प्रदान करेंगे, मेट्रो शहरों में कंपनियां स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना की स्थापना/विस्तार के लिए और वैक्सीन एवं वेंटिलेटर निर्माताओं के लिए 100 करोड़ रुपये तक का लाभ उठा सकती हैं।
- टियर 1 और शहरी केंद्रों में कंपनियों द्वारा 20 करोड़ रुपये तक का ऋण प्राप्त किया जा सकता है, और टियर II से टियर IV में कंपनियां 10 करोड़ रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकती हैं। सभी श्रेणियों के लिए, ऋण अवधि लगभग 10 वर्ष है।

7. मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में कितने प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करके पुन: वापसी करेगी________**9.3 प्रतिशत।**

नोट:

- उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था ने 2020 में एक तीव्र संकुचन के बाद तेजी से वापसी की। लेकिन विकास में लगातार मंदी, कमजोर सरकारी वित्त और बढ़ते वित्तीय क्षेत्र के जोखिमों सहित भारत के क्रेडिट प्रोफाइल के लिए जोखिम कोरोना वायरस की दूसरी लहर के झटके ने बढ़ा दिए हैं।

8. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के अनुसार, 2022 में वैश्विक बेरोजगारी दर क्या होगी________**5.7%।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इसके अलावा, 2019 की तुलना में, दुनिया भर में अतिरिक्त 108 मिलियन श्रमिकों को अब गरीब या अत्यंत गरीब की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है, जिसका अर्थ है कि श्रमजीवी निर्धनता के उन्मूलन की दिशा में पांच वर्ष की प्रगति पूर्ववत हो गई है, जिससे 2030 तक निर्धनता उन्मूलन की संयुक्त राष्ट्र संधारणीय विकास लक्ष्य की उपलब्धि की राह और भी जटिल हो गई है।
- रिपोर्ट में वैश्विक संकट से प्रेरित 'जॉब गैप' 2021 में 75 मिलियन तक पहुंचने और 2022 में 23 मिलियन तक कम होने का अनुमान लगाया गया है।

9. किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं को मजबूत और स्वचालित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ भागीदारी की है________ **ICICI लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस।**

नोट:

- भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बीमाकर्ता ICICI लोम्बार्ड ने गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं को मजबूत और स्वचालित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ भागीदारी की है।
- ग्राहक सहायता प्रतिनिधि द्वारा की जाने वाली दिन-प्रतिदिन की सर्विस कॉलों की जांच ICICI लोम्बार्ड द्वारा माइक्रोसॉफ्ट के एज़्योर स्पीच प्रोवाइडर्स और नैचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (NLP) की मदद से की जाएगी।

10. सीमा पार से आवक भुगतान के लिए 'SWIFT gpi Instant' नामक सुविधा प्रदान करने वाला एशिया-प्रशांत में पहला और वैश्विक स्तर पर दूसरा बैंक______ **ICICI बैंक।**

नोट:

- लाभार्थी को तुरंत बैंक खाते में धनराशि प्राप्त होती है।
- यह ICICI बैंक को सीमा पार से आवक भुगतान (इन्वर्ड पेमेंट) के लिए 'SWIFT gpi Instant' नामक सुविधा प्रदान करने वाला एशिया-प्रशांत में पहला और वैश्विक स्तर पर दूसरा बैंक बनाता है।

11. निजी क्षेत्र के जीवन बीमाकर्ता भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस ने किस स्मॉल फाइनेंस बैंक के संपूर्ण भारत में फैले शाखा नेटवर्क के माध्यम से अपने जीवन बीमा उत्पादों के वितरण के लिए बैंक के साथ एक बैंकएश्योरेंस साझेदारी की है______ **शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक (SFB)।**

नोट:

- निजी क्षेत्र के जीवन बीमाकर्ता भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस ने शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक (SFB) के संपूर्ण भारत में फैले शाखा नेटवर्क के माध्यम से अपने जीवन बीमा उत्पादों के वितरण के लिए बैंक के साथ एक बैंकएश्योरेंस समझौता किया है।

12. कौन सा डिजिटल भुगतान प्रदाता अपना प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (IPO) लॉन्च करने जा रहा है और लगभग 3 बिलियन डॉलर जुटाएगा, जो भारत का अब तक का सबसे बड़ा IPO होगा ________ **पेटीएम।**

नोट:

- सॉफ्टबैंक द्वारा समर्थित पेटीएम जिसे आमतौर पर वन97 कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड कहा जाता है, ने IPO से लगभग 25 बिलियन डॉलर से 30 बिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा है।
- पेटीएम IPO कोल इंडिया लिमिटेड के IPO प्रस्ताव के रिकॉर्ड को तोड़ देगा, जिसने 15000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए थे जिसे 2010 में लॉन्च किया गया था।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

13. सार्वजनिक क्षेत्र का कौन सा उपक्रम प्रतिष्ठित यूनाइटेड नेशन्स ग्लोबल कॉम्पैक्ट के सीईओ वाटर मैंडेट का हस्ताक्षरकर्ता बन गया_______ **NTPC लिमिटेड।**

नोट:

- सीईओ वाटर मैंडेट एक यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट पहल है जो दीर्घकालिक संधारणीय विकास लक्ष्यों की दृष्टि से कंपनियों के पानी और सफाई एजेंडा को बेहतर बनाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता और प्रयासों को दर्शाती है।
- इसे विकास, कार्यान्वयन और प्रकटीकरण में कंपनियों की सहायता के लिए तैयार किया गया है।
- NTPC विद्युत मंत्रालय के अधीन भारत की सबसे बड़ी विद्युत जनोपयोगी सेवा कंपनी है।

14. एशियाई विकास बैंक और भारत सरकार ने कहां पर प्रमुख जिला सड़कों के सुधार के लिए तैयारी और निर्माण गतिविधियों में सहायता हेतु 2.5 मिलियन डॉलर परियोजना तत्परता वित्तपोषण ऋण पर हस्ताक्षर किए हैं________ **सिक्किम।**

नोट:

- समझौता ज्ञापन का उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्य में प्रमुख कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों और तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार करना और सभी मौसमों के लिए अनुकूल सड़कों का विकास करना है क्योंकि बार-बार भूस्खलन और कटाव से सड़कों को नुकसान पहुंचता है और राज्यान्तरिक संपर्क बाधित होते हैं।
- PRF राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और दूरदराज के गांवों में लोगों की पहुंच को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

15. किस बैंक ने 2031-32 तक कार्बन तटस्थ बनने की योजना बनाई है________**HDFC बैंक।**

नोट:

- बैंक ग्रीन बांड जारी करने की रूपरेखा पर काम कर रहा है।
- इस पहल के तहत, बैंक अपने उत्सर्जन, ऊर्जा और पानी की खपत को कम करने पर विचार कर रहा है।
- यह बैंक के परिचालनों में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को शामिल करेगा और इसे बढ़ाएगा।

16. कौन सा हॉस्पिटल ग्रुप 350 करोड़ रुपये में बेंगलुरु स्थित मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल विक्रम हॉस्पिटल में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा_________**मणिपाल हॉस्पिटल्स।**

नोट:

- 2009 में स्थापित, विक्रम हॉस्पिटल एक 200-बेड वाला तृतीय श्रेणी का सुविधा केंद्र है जो केंद्रीय व्यापारिक क्षेत्र में स्थित है और यह कार्डियक और न्यूरो साइंस के क्षेत्र में अपनी नैदानिक विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है।

श्रद्धांजलियां

1. प्रसिद्ध व्यक्ति पॉल श्लुएटर का हाल ही में निधन हो गया वह किस देश के पूर्व प्रधानमंत्री थे________ **डेनमार्क।**

नोट:

- डेनमार्क के पूर्व प्रधानमंत्री पॉल श्लुएटर, जिन्होंने एक प्रमुख यूरोपीय संघ (EU) संधि हेतु अपने देश के लिए छूट पर बातचीत की, का निधन हो गया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- उनका जन्म 3 अप्रैल 1929 को टोंडर, डेनमार्क में हुआ था। श्लुएटर ने 1982-1993 तक डेनमार्क के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया।

2. प्रसिद्ध भारतीय-अमेरिकी तेजिंदर सिंह का हाल ही में निधन हो गया, वे एक अनुभवी थे ________**पत्रकार।**

   नोट:
   - सिंह ने इंडिया अमेरिका टुडे (IAT) की स्थापना की, जो वाशिंगटन, डीसी में स्थित एक स्वतंत्र मीडिया संगठन और समाचार प्रदाता है।
   - प्रकाशन ने 29 मई को ट्विटर पर कहा, 'उन्होंने 2012 में IAT की शुरुआत की, और हम उनके द्वारा शुरू किए गए काम को जारी रखेंगे। RIP एडिटर।
   - वे एशियन अमेरिकन जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (AAJA-DC) 2011-12 के उपाध्यक्ष (प्रिंट) थे।

3. भारतीय संविधान सभा के अंतिम जीवित पूर्व सदस्य जिनका हाल ही में निधन हो गया ______**टी.एम. कलियानन गौंडर।**

   नोट:
   - उन्होंने तमिलनाडु में विधान परिषद के सदस्य और 1952 और 1967 के बीच तीन बार विधायक के रूप में भी कार्य किया।
   - वह कथित तौर पर उस समय संविधान सभा में सबसे युवा सदस्य थे और भारत की पहली अस्थायी संसद के सदस्य भी थे।

4. प्रसिद्ध व्यक्ति अनिरुद्ध जगन्नाथ का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश के पूर्व प्रधानमंत्री थे ________**मॉरीशस।**

   नोट:
   - वह 18 वर्ष से अधिक के कार्यकाल के साथ सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले देश के प्रधानमंत्री हैं।
   - उन्हें 1980 के दशक के **मॉरीशस के आर्थिक चमत्कार का जनक** माना जाता था।
   - जगन्नाथ ने मॉरीशस के वर्तमान प्रधानमंत्री अपने पुत्र, प्रविंद जगन्नाथ को कमान सौंपने से पहले 1982 तथा 1995 के बीच, फिर 2000 तथा 2003 के बीच, और बाद में 2014 तथा 2017 के बीच प्रधानमंत्री का पद संभाला।

महत्वपूर्ण दिवस

1. संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन हर वर्ष विश्व दुग्ध दिवस मनाता है______**1 जून।**

   नोट:
   - इसका उद्देश्य पोषण, सुगम्यता और सामर्थ्य सहित लोगों को स्वास्थ्य के संबंध में डेयरी के लाभों के बारे में बात करने के लिए प्रोत्साहित करना है।
   - इस वर्ष का विषय पर्यावरण, पोषण और सामाजिक-अर्थशास्त्र के संदेशों के साथ डेयरी क्षेत्र में स्थिरता पर केंद्रित होगा। ऐसा करके हम दुनिया से डेयरी फार्मिंग का पुन: परिचय कराएंगे।

2. यूएन ग्लोबल डे ऑफ पैरेंट्स हर वर्ष मनाया जाता है_________**1 जून।**

   नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- ग्लोबल डे ऑफ पैरेंट्स बच्चों के पालन-पोषण और सुरक्षा में परिवार की प्राथमिक जिम्मेदारी को पहचानता है।
- इसलिए, यह दिवस सभी माता-पिता की अपने बच्चों के प्रति निस्वार्थ प्रतिबद्धता और इस रिश्ते को पोषित करने के लिए उनके आजीवन त्याग की सराहना करता है।

3. संयुक्त राष्ट्र विश्व साइकिल दिवस हर वर्ष मनाया जाता है________**3 जून।**

नोट:

- इस दिवस का उद्देश्य बच्चों और युवाओं के लिए शिक्षा को मजबूत करना, बीमारी को रोकना, स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, सहिष्णुता, आपसी समझ एवं सम्मान को बढ़ावा देना और सामाजिक समावेश और शांति संस्कृति को आसान बनाना है।

4. आक्रामकता के शिकार मासूम बच्चों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है_________ **4 जून।**

नोट:

- यह दिवस बाल अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।
- यह दिवस पूरे विश्व में उन बच्चों द्वारा उठाए गए दर्द को स्वीकारता है जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण के शिकार हैं।
- यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बाल पीड़ितों के दर्द और पीड़ा के बारे में जानकारी फैलाना है।

5. 'विश्व पर्यावरण दिवस' का विषय क्या है __________ **'Reimagine. Recreate. Restore.'**

नोट:

- **विश्व पर्यावरण दिवस** हर वर्ष 5 जून को विश्व स्तर पर मनाया जाता है।
- यह दिवस पर्यावरण सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने और लोगों को प्रकृति के साथ लापरवाही भरा व्यवहार न करने की याद दिलाने के लिए मनाया जाता है।
- यह दिवस "पर्यावरण संरक्षण और विकास में व्यक्तियों, उद्यमों और समुदायों द्वारा प्रबुद्ध राय और जिम्मेदारी पूर्ण व्यवहार के आधार" को व्यापक बनाने का अवसर प्रदान करता है।

6. हर वर्ष विश्व कीट दिवस मनाया जाता है_________**6 जून।**

नोट:

- दिवस का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा में कीट प्रबंधन संगठन द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जनता, सरकार और मीडिया जागरूकता बढ़ाना, कीट प्रबंधन उद्योग की पेशेवर छवि पेश करना, वैज्ञानिक और सामाजिक रूप से जिम्मेदार तरीके से पेशेवर कीट प्रबंधन के उपयोग को बढ़ावा देना और और छोटे कीटों के कारण होने वाले बड़े खतरों पर ध्यान आकर्षित करना है।

7. विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हर वर्ष मनाया जाता है________**7 जून।**

नोट:

- दिवस का उद्देश्य विभिन्न खाद्य जनित जोखिमों और इसे रोकने के उपायों के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- ये अभियान खाद्य सुरक्षा कैसे अत्यंत महत्वपूर्ण है और जीवन के विभिन्न अन्य महत्वपूर्ण कारकों जैसे मानव स्वास्थ्य, आर्थिक विकास इत्यादि से संबंधित है, के विषय में जागरूकता भी फैलाएंगे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नई नियुक्तियां

1. इंडियन ब्रॉडकास्टिंग फाउंडेशन द्वारा नवगठित स्व-नियामक संस्था डिजिटल मीडिया कंटेंट रेगुलेटरी काउंसिल (DMCRC) का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया ___________ **विक्रमजीत सेन।**

   नोट:
   - इसके अलावा, छह अन्य प्रतिष्ठित उद्योग सदस्य जिनमें फिल्म निर्माता निखिल आडवाणी, लेखक और निर्देशक तिग्मांशु धूलिया, फिल्म निर्माता और लेखक अश्विनी अय्यर तिवारी, कंटेंट निर्माता और वितरक बनिजय ग्रुप के सीईओ और संस्थापक दीपक धर शामिल हैं, ये सभी स्व-नियामक संस्था का हिस्सा होंगे।
   - इस परिषद में सोनी पिक्चर्स के जनरल काउंसल अशोक नांबिसन और स्टार तथा डिज्नी इंडिया के चीफ रीजनल काउंसल मिहिर राले शामिल हैं।
   - शीर्ष प्रसारक संस्था IBF ने पिछले सप्ताह डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को कवर करने के लिए विस्तार करने की घोषणा की थी और जल्द ही इसका नाम बदलकर इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (IBDF) कर दिया जाएगा।

2. 2021-22 के लिए उद्योग संस्था कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) का प्रेसीडेंट किन्हें चुना गया ________ **टी.वी. नरेंद्रन।**

   नोट:
   - उन्होंने कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय कोटक से पदभार ग्रहण किया।
   - वह 2016-17 के दौरान CII पूर्वी क्षेत्र के चेयरमैन थे और CII झारखंड के चेयरमैन होने के अलावा नेतृत्व और मानव संसाधन पर CII की राष्ट्रीय समिति का नेतृत्व कर चुके हैं।

3. 2021-2025 के लिए इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रारनर्स (IAU) कार्यकारी परिषद में एशिया और ओशिनिया का प्रतिनिधि किन्हें चुना गया_________ **नागराज अडिगा।**

   नोट:
   - उन्हें 2021 इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रारनर्स (IAU) कांग्रेस के दौरान चुना गया, जो 22 और 23 मई, 2021 को वर्चुअली आयोजित हुई थी।
   - अडिगा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI) द्वारा IAU परिषद के लिए नामित किया गया था।
   - दक्षिण कोरिया के गिल्सू पार्क को हराने के बाद उन्हें एशिया और ओशिनिया प्रतिनिधि चुना गया था।

4. असम राइफल्स का महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया________**प्रदीप चंद्रन नायर।**

   नोट:
   - नायर असम राइफल्स (जिसे पूर्वोत्तर के प्रहरी के रूप में जाना जाता है) के 21वें महानिदेशक हैं।
   - जनरल ऑफिसर को 1985 में सिख रेजीमेंट में कमीशन मिला था।
   - वह सैनिक स्कूल सतारा, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज, डिफेंस मैनेजमेंट कॉलेज और प्रतिष्ठित भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के पूर्व छात्र हैं।

5. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के अध्यक्ष पद का कार्यभार किसने संभाला ________ **अरुण कुमार मिश्रा।**

   नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने 1978 में एक वकील के रूप में नामांकन किया। वे 1998-99 में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सबसे युवा अध्यक्ष चुने गए।
- उन्हें अक्टूबर 1999 में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। बाद में उन्होंने 7 जुलाई 2014 को सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत होने से पहले राजस्थान उच्च न्यायालय और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया।

6. वह भारतीय जिसे अंतर्राष्ट्रीय डेयरी महासंघ (IDF) बोर्ड के लिए चुना गया________ **आर.एस. सोढ़ी।**

नोट:

- CTAE, उदयपुर से इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री प्राप्त डॉ. सोढ़ी ने ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आणंद (IRMA) के पहले बैच से ग्रामीण प्रबंधन में स्नातकोत्तर पूरा किया था और वर्ष 1982 में GCMMF (अमूल) में शामिल हुए और वर्ष 2010 में GCMMF (अमूल) के प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया।
- उन्होंने GCMMF के व्यापक रूप से प्रशंसित व्यापारिक अभियानों जैसे (1) दूध को 'दुनिया के मूल ऊर्जा पेय' के रूप में बढ़ावा देना और (2) 'दूध खाओ' अभियान भारतीय युवाओं को हर भोजन में डेयरी उत्पादों को शामिल करने के लिए प्रेरित करना और (3) अमूल दूध पीता है इंडिया का नेतृत्व किया।

7. इजराइल का राष्ट्रपति किसे चुना गया __________ **इसाक हरजोग।**

नोट:

- लेबर पार्टी के 60 वर्षीय पूर्व नेता इजराइल के पहले राष्ट्रपति होंगे जो पूर्व राष्ट्रपति के पुत्र हैं। उनके पिता चैम हरजोग ने 1983 और 1993 के बीच इजराइल के राष्ट्राध्यक्ष के रूप में कार्य किया।
- हरजोग ने 120 सदस्यीय सदन में 87 सांसदों का समर्थन हासिल किया और अपनी प्रतिद्वंद्वी मिरियम पेरेट्ज़ को भारी अंतर से हराया।

8. डॉ. पैट्रिक अमोथ को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के कार्यकारी बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया है, वे किस देश से संबंधित है __________**केन्या।**

नोट:

- यह घोषणा 2 जून, 2021 को WHO के कार्यकारी बोर्ड के 149वें सत्र के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन द्वारा की गई थी।
- श्री अमोथ ने भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन की जगह ली, जिन्होंने 2 जून, 2021 को WHO कार्यकारी बोर्ड के चेयरमैन के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया।

9. वियना स्थित अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स नियंत्रण बोर्ड (INCB) का प्रेसीडेंट किसे चुना गया _________**जगजीत पवाड़िया।**

नोट:

- भारत के पूर्व नारकोटिक्स आयुक्त और भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क) के एक सेवानिवृत्त अधिकारी, जगजीत पवाड़िया को पांच वर्ष की अवधि के लिए 131वें सत्र में वियना स्थित अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (INCB) का प्रेसीडेंट चुना गया है।
- वह INCB के प्रमुख के रूप में नियुक्त होने वाली पहली भारतीय हैं और इस पद को संभालने वाली दूसरी महिला हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

10. जून 2021 से जून 2024 की अवधि के लिए वर्ल्ड बैंक एजुकेशन एडवाइज़र किसे नियुक्त किया गया ________ **रणजीत सिंह दिसाले।**

नोट:

- 32 वर्षीय दिसाले को लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और भारत में त्वरित प्रतिक्रिया (QR) कूटबद्ध पाठ्यपुस्तक क्रांति को तेज करने में उनके प्रयासों को सम्मानित करने के लिए वैश्विक शिक्षक पुरस्कार 2020 का विजेता चुना गया था।
- विश्व बैंक ने एक नई कोच पहल शुरू की है जिसका उद्देश्य सेवाकालीन शिक्षक पेशेवर विकास (TPD) में सुधार करके विद्यार्थी शिक्षा में तेजी लाना है।

11. नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी मैग्मा फिनकॉर्प लिमिटेड का चेयरमैन किसे नियुक्त किया गया ________**अदार पूनावाला।**

नोट:

- अदार पूनावाला वर्तमान में भारत में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एस्ट्राजेनेका कोविशील्ड वैक्सीन निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) हैं।
- अदार पूनावाला ने 3,456 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश के माध्यम से नियामक हिस्सेदारी हासिल करके राइजिंग सन होल्डिंग्स (RSH) को नियंत्रित किया।

12. IMF में भारतीय अर्थशास्त्री जिन्होंने जुलाई 2021 में सेवानिवृत्त होने के बाद बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन में शामिल होने का फैसला किया_________ **कल्पना कोचर।**

नोट:

- कल्पना कोचर, जिन्होंने IMF में अपने तीन दशकों के दौरान विभिन्न वरिष्ठ पदों पर कार्य किया, 30 जुलाई को सेवानिवृत्त होंगी, और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन में विकास नीति तथा वित्त निदेशक के रूप में शामिल होंगी।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. 30 वर्ष से कम आयु के युवा और नवोदित लेखकों के प्रशिक्षण हेतु शुरू की गई यंग, अपकमिंग एंड वर्सेटाइल ऑथर्स (YUVA) योजना की कार्यान्वयन एजेंसी ________**NBT।**

नोट:

- प्रधानमंत्री की योजना YUVA (यंग, अपकमिंग एंड वर्सेटाइल ऑथर्स) 30 वर्ष से कम आयु के लेखकों को परामर्श देने और देश में पढ़ने, लिखने और पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देने और भारत तथा भारतीय लेखन को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए प्रशिक्षित करने का प्रयास करती है।
- युवा योजना के तहत छह महीने की अवधि के लिए प्रति लेखक 50,000 रुपये प्रति माह की छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा।

2. NCPCR किस मंत्रालय के अधीन काम करता है, जिसने ऐसे बच्चों की वास्तविक समय निगरानी के लिए एक ऑनलाइन ट्रैकिंग पोर्टल “बाल स्वराज” लॉन्च किया है, जिन्होंने कोविड-19 में अपने माता-पिता या दोनों में से किसी एक को खो दिया _______ **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- बाल स्वराज पोर्टल के तहत एक लिंक "कोविड-केयर" संबंधित विभागों के अधिकारियों को ऐसे बच्चों के बारे में डेटा अपलोड करने में सक्षम बनाएगा जिन्हें देखभाल की आवश्यकता है।
- यह डिजिटल निगरानी प्रक्रिया, विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में CWC के वित्तीय खर्च को नियंत्रित करेगी।

3. कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किसानों को दलहन और तिलहन के बीजों की उच्च उपज वाली किस्में वितरित करके किस कार्यक्रम की शुरुआत की _______ **बीज मिनी किट कार्यक्रम।**

नोट:

- मिनी-किट केंद्रीय एजेंसियों राष्ट्रीय बीज निगम (NCS), NAFED और गुजरात राज्य बीज निगम द्वारा प्रदान की जा रही हैं और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के माध्यम से केंद्र द्वारा पूर्णतया वित्त पोषित है।
- राज्यों के सहयोग से केंद्र सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत दलहन और तिलहन की उपज तथा उत्पादकता को बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां लागू कर रही है।
- बीज मिनी किट कार्यक्रम बीजों की नई किस्मों को खेतों तक पहुंचाने और बीज प्रतिस्थापन दर को बढ़ाने के लिए एक प्रमुख साधन है।

4. केंद्र सरकार ने पेट्रोल के साथ 20 प्रतिशत एथेनॉल-मिश्रण हासिल करने के लक्ष्य को 2 वर्ष कम करके कितना कर दिया_________ **2023।**

नोट:

- इसकी सूचना पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MoPNG) द्वारा दी गई।
- वर्तमान में, सरकार सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेल कंपनियों को भारतीय मानक ब्यूरो के विनिर्देशों के अनुसार 20 प्रतिशत तक एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल बेचने का निर्देश देती है।
- अप्रैल 2021 में, भारत में पेट्रोल में एथेनॉल-मिश्रण पहली बार 7.2 प्रतिशत से अधिक हो गया था।

5. नीति आयोग के संधारणीय विकास लक्ष्य (SDG) भारत सूचकांक 2020-21 रैंकिंग के तीसरे संस्करण के अनुसार किस राज्य को रैंकिंग में शीर्ष स्थान मिला_______**केरल।**

नोट:

- अनुमापन के दूसरी ओर से, बिहार, झारखंड और असम सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्य थे।
- हालांकि, सभी राज्यों ने पिछले वर्ष के स्कोर से कुछ सुधार प्रदर्शित किया, मिजोरम और हरियाणा ने सबसे अधिक वृद्धि दर्शाई है।
- समग्र विकास पर एक वैश्विक परामर्श प्रक्रिया द्वारा विकसित, 17 SDG की समय सीमा 2030 है।

6. नीति आयोग के संधारणीय विकास लक्ष्य (SDG) भारत सूचकांक 2020-21 रैंकिंग में कौन से केंद्र शासित प्रदेशों को शीर्ष प्रदर्शनकर्ता चुना गया ________**चंडीगढ़।**

नोट:

- दिल्ली और पुडुचेरी को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला।
- दादरा तथा नगर हवेली और दमन और दीव को सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला केंद्रशासित प्रदेश घोषित किया गया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- सूचकांक को नीति आयोग द्वारा सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI), भारत में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाली संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और प्रमुख केंद्रीय मंत्रालयों के परामर्श से तैयार और विकसित किया गया था।

7. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा SAGE परियोजना किनके लिए शुरू की गई है_____ **वृद्धजनों।**

नोट:

- श्री थावरचंद गहलोत द्वारा नई दिल्ली में MSJE राज्यमंत्री श्री रतन लाल कटारिया की उपस्थिति में पहल शुरू की गई थी।
- स्टार्ट-अप SAGE से जुड़ने के लिए एक विशेष पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
- स्टार्ट-अप का चयन उन नवीन उत्पादों और सेवाओं के आधार पर किया जाएगा, जो वे वित्त, खाद्य और धन प्रबंधन, और कानूनी मार्गदर्शन से जुड़ी तकनीकी पहुंच के अलावा स्वास्थ्य, आवास, देखभाल केंद्रों जैसे क्षेत्रों में प्रदान करते हैं।

8. केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किस राज्य में इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क का वर्चुअली उद्घाटन किया_______**छत्तीसगढ़।**

नोट:

- मेगा फूड पार्क मूल्यवर्धन, कृषि उत्पादों के लिए लंबी भंडार अवधि, किसानों के लिए बेहतर मूल्य प्राप्ति, उत्कृष्ट भंडारण सुविधा सुनिश्चित करेगा और क्षेत्र में किसानों के लिए एक वैकल्पिक बाजार उपलब्ध कराएगा।
- पार्क लगभग 5,000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करेगा और CPC तथा PPC क्षेत्रों में लगभग 25,000 किसानों को लाभान्वित करेगा।

9. केंद्र सरकार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) योग्यता प्रमाण पत्र की वैधता अवधि को 7 वर्ष से बढ़ाकर कितना करने का निर्णय लिया_______ **आजीवन।**

नोट:

- 2020 में, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) ने अपनी 50वीं आम सभा बैठक में TET प्रमाणपत्र की वैधता को 7 वर्ष से बढ़ाकर आजीवन करने की मंजूरी दी थी।
- संबंधित राज्य सरकारें/ केंद्र शासित प्रदेश उन उम्मीदवारों को नए TET प्रमाण पत्र जारी करने/ पुनः सत्यापित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करेंगे जिनकी 7 वर्ष की अवधि पहले ही समाप्त हो चुकी है।

10. किसकी अध्यक्षता में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने न्यूनतम मजदूरी और राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम मजदूरी के निर्धारण पर तकनीकी जानकारी और सिफारिशें प्रदान करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया_______**अजीत मिश्रा।**

नोट:

- घोषित विशेषज्ञ समूह का गठन तीन वर्ष की अवधि के लिए किया गया है और इसके अध्यक्ष आर्थिक विकास संस्थान के निदेशक अजीत मिश्रा हैं।
- इसमें तारिका चक्रवर्ती, IIM कलकत्ता; अनुश्री सिन्हा, सीनियर फेलो, NCAER; विभा भल्ला, संयुक्त सचिव; एच. श्रीनिवास, महानिदेशक, VVGNLI सदस्यों के रूप में और डी.पी.एस. नेगी, वरिष्ठ श्रम एवं रोजगार सलाहकार सदस्य सचिव के रूप में शामिल होंगे।
- पिछले दो वर्षों में सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी पर गठित यह दूसरी विशेषज्ञ समिति है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

11. 17 सतत विकास लक्ष्यों (SDG) पर स्टेट ऑफ इंडियाज़ इनवायरमेंट रिपोर्ट 2021 में भारत की रैंक क्या है ________**117वीं।**

नोट:

- स्टेट ऑफ इंडियाज़ इनवायरमेंट रिपोर्ट 2021 के अनुसार भारत की रैंक पिछले वर्ष 115 थी, जो मुख्य रूप से भूख को समाप्त करने और खाद्य सुरक्षा हासिल करने (SDG 2) जैसी प्रमुख चुनौतियों के कारण दो स्थान कम हो गई।
- भारत का स्थान चार दक्षिण एशियाई देशों-भूटान, नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश से नीचे है। भारत का कुल SDG स्कोर 100 में से 61.9 है।
- रिपोर्ट के अनुसार झारखंड और बिहार 2030 तक SDG को पूरा करने के लिए सबसे कम तैयार हैं, जो कि लक्ष्य वर्ष है। जबकि झारखंड पांच SDG में, बिहार सात SDG में पीछे है।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. किस राज्य सरकार ने हर महीने महिलाओं को सैनिटरी पैड वितरित करने के लिए महिला सशक्तिकरण उन्मुख "उड़ान योजना" शुरू की है_________**पंजाब।**

नोट:

- इस योजना के तहत राज्य की जरूरतमंद महिलाओं और लड़कियों को हर महीने सैनिटरी पैड नि:शुल्क वितरित किए जाएंगे।
- इस योजना के लिए प्रतिवर्ष 40.55 करोड़ रुपये की निधि आवंटित की जाएगी।

2. किस राज्य सरकार ने 'डॉक्टर्स राइड टुवाईस विलेज साइड' कार्यक्रम शुरू किया________ **कर्नाटक।**

नोट:

- इस योजना के तहत, सरकार मेडिकल छात्रों के नेतृत्व वाली टीमों को गांवों का दौरा करने और महामारी के दौरान बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए आवश्यक रसद सहायता प्रदान करती है। MBBS अंतिम वर्ष के छात्रों, BSc नर्सिंग, BDS, MDS, आयुष स्नातक डॉक्टरों को कोविड जांच करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त किया जाता है।
- मेडिकल छात्रों, नर्सों, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की एक टीम परिवार के कमजोर सदस्यों की पहचान करने और जांच करने के लिए घर-घर जाती है।

3. कौन सी राज्य सरकार 11 जून से राज्य में कृषि भूमि का प्रायौगिक डिजिटल सर्वेक्षण लॉन्च करेगी _________ **तेलंगाना।**

नोट:

- यह मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के प्रतिनिधित्व में गजवेल विधानसभा क्षेत्र के तीन गांवों और कई जिलों के चौबीस गांवों में आयोजित किया जाएगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह निर्णय श्री राव की अध्यक्षता में एक आधिकारिक बैठक में लिया गया था जिसमें भूमि के मालिकों के लिए जोत भूमि की स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि भूमि के डिजिटलीकरण और नियामक निर्धारण पर चर्चा की गई थी।

4. किस राज्य सरकार ने मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में लड़कियों के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रस्ताव दिया है________ **बिहार।**

   नोट:
   - प्रस्ताव को औपचारिक रूप देने के लिए सरकार अगले विधानसभा सत्र में दो नए विधेयक - बिहार अभियांत्रिकी विश्वविद्यालय विधेयक और बिहार चिकित्सा शिक्षा विधेयक लाने की योजना बना रही है।
   - राज्य में 11 मेडिकल और 38 इंजीनियरिंग कॉलेजों में 2,035 इंजीनियरिंग सीटें और 1,330 मेडिकल तथा BDS सीटें हैं।

5. किस राज्य सरकार ने त्रैमासिक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (SBLC) में 4,60,881 करोड़ रुपये की राज्य वार्षिक प्राथमिकता क्षेत्र ऋण योजना और 18,10,779 करोड़ रुपये की समग्र वार्षिक ऋण योजना शुरू की_______ **महाराष्ट्र।**

   नोट:
   - राज्य सरकार ने चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र के लिए बैंकों द्वारा 1.19 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक ऋण देने का लक्ष्य रखा है।
   - इसमें से 60,860 करोड़ रुपये खरीफ और रबी मौसम के फसल ऋण के लिए निर्धारित हैं।
   - सरकार ने राज्य में बैंकों से खरीफ 2021 मौसम के लिए फसल ऋण संवितरण के तहत अधिक वित्त जारी रखने और जून 2021 के अंत तक सीजन लक्ष्य हासिल करने को कहा है।

6. रायमोना किस राज्य का छठा राष्ट्रीय उद्यान बन गया _______ **असम।**

   नोट:
   - असम सरकार द्वारा रायमोना को राष्ट्रीय उद्यान घोषित करने की अधिसूचना जारी की गई।
   - 422 वर्ग किमी के रायमोना से पहले मौजूद पांच राष्ट्रीय उद्यान काजीरंगा, मानस, नामेरी, ओरांग और डिब्रू-सैखोवा हैं।
   - रायमोना राष्ट्रीय उद्यान बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र के अंदर है।

7. किस केंद्र शासित प्रदेश ने छात्रों के लिए YounTab योजना शुरू की है जिसके तहत छात्रों को लगभग 12,300 टैबलेट वितरित किए गए ________ **लद्दाख।**

   नोट:
   - योजना से सरकारी स्कूलों के 6वीं से 12वीं कक्षा के कुल 12,300 छात्र लाभान्वित होंगे।
   - YounTab योजना डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहित करने, संबद्ध और असंबद्ध के बीच डिजिटल अंदर को पाटने और कोविड महामारी के व्यवधानों को कम करने के लिए बनाई गई है।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. किस देश ने पार्टनरिंग फॉर ग्रीन ग्रोथ एंड ग्लोबल गोल्स 2030 समिट की मेजबानी की _________ **दक्षिण कोरिया।**

   नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- समिट के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और समावेशी हरित विकास की दिशा में प्रयास करने के लिए वैश्विक साझेदारी की अपील की।
- उन्होंने यह भी कहा कि, कोविड-19 से नौकरी-समृद्ध बहाली बनाए रखते समय जलवायु परिवर्तन से सीधे तौर पर निपटने से सबसे कमजोर लोगों को अगले संकट से बचाने में मदद मिलेगी।

2. टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) ने अपना पहला यूरोपीय इनोवेशन सेंटर किस देश में खोला__________ **नीदरलैंड।**

नोट:

- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) संधारणीय चुनौतियों के समाधान हेतु डिजिटल तकनीक का उपयोग करने में मदद करने के लिए एम्स्टर्डम में अपने नवीनतम इनोवेशन हब में विश्वविद्यालयों, व्यवसायों, स्टार्टअप और सरकार को एक साथ लाएगी।
- यह संगठनों के सामने निरंतर आने वाली चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करेगा और यूरोप में पहला हब नेटवर्क बन जाएगा, जिसे TCS पेस पोर्ट्स के रूप में जाना जाता है।

3. किस तकनीकी कंपनी ने पहली "एशिया पैसिफिक पब्लिक सेक्टर साइबर सिक्योरिटी एक्जीक्यूटिव काउंसिल" शुरू की__________ **माइक्रोसॉफ्ट।**

नोट:

- इसे साइबर खतरों से निपटने के लिए मजबूत संचार चैनल बनाने और भागीदार देशों के बीच सर्वोत्तम कार्यप्रणाली को साझा करने के उद्देश्य से लॉन्च किया गया था।
- साइबर सुरक्षा परिषद में इंडोनेशिया, कोरिया, ब्रुनेई, मलेशिया, सिंगापुर, फिलीपींस और थाईलैंड जैसे देशों के नीति निर्माता और प्रभावशाली लोग शामिल हैं।
- यह साइबर सुरक्षा पेशेवरों द्वारा समर्थित है। परिषद की स्थापना साइबर सुरक्षा में सार्वजनिक-निजी भागीदारी में तेजी लाने और खतरे की खुफिया जानकारी साझा करने के उद्देश्य से की गई थी।

4. किस देश ने एक वैश्विक पहल मिशन इनोवेशन क्लीनटेक एक्सचेंज शुरू की है, जो स्वच्छ ऊर्जा नवाचार में तेजी लाने के लिए सदस्य देशों में इनक्यूबेटरों का एक नेटवर्क तैयार करेगी___________ **भारत।**

नोट:

- नेटवर्क, चिली द्वारा वर्चुअली आयोजित 'इनोवेटिंग टू नेट ज़ीरो समिट' में लॉन्च किया गया।
- यह वैश्विक स्तर पर नए बाजारों तक पहुंच हेतु नई तकनीकों का समर्थन करने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता और बाजार अंतर्दृष्टि तक पहुंच प्रदान करेगा।
- 23 सरकारों के बीच भारत ने सामूहिक रूप से कार्यवाही को प्रेरित करने के लिए साहसिक नई योजनाएं शुरू कीं और स्वच्छ ऊर्जा अनुसंधान, विकास और प्रदर्शनों में वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने के लिए नवाचार का नेतृत्व किया।

5. कोलंबो हार्बर के पास डूबा आग से जलता MV X-Press पर्ल कार्गो शिप किस देश का है __________ **सिंगापुर।**

नोट:

- कोलंबो पेज की रिपोर्ट के अनुसार, जहाज को गहरे समुद्र में ले जाकर छोड़ने का प्रयास बीच में रोकना पड़ा, क्योंकि जहाज को 500 से 600 मीटर पश्चिम की ओर ले जाने के बाद इसका पिछला भाग समुद्र तल में डूब गया था।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- कंटेनर जहाज 'एक्स-प्रेस पर्ल' के संचालक एक्स-प्रेस फीडर ने बताया कि जहाज के माल को सफलतापूर्वक बचाने और जहाज खींचने के लिए तार जोड़ने के बावजूद, जहाज को गहरे पानी में ले जाने के प्रयास विफल रहे।
- एक्स-प्रेस पर्ल ने 20 मई को कोलंबो बंदरगाह के उत्तर-पश्चिम में 9.5 समुद्री मील की दूरी पर लंगर डालने के दौरान एक कंटेनर से नाइट्रिक अम्ल के रिसाव और कार्गो से धुआं निकलने की सूचना दी। जहाज ने 21 मई को डेक पर आग लगने की सूचना दी थी।

6. खर्ग किस देश का सबसे बड़ा युद्धपोत है जिसमें आग लग गई और वह ओमान की खाड़ी में डूब गया ________ **ईरान।**

नोट:

- राज्य के मीडिया ने खबर दी कि जहाज पर सवार 400 सैनिक जहाज से निकल गए, जिनमें से 20 सैनिक घायल हो गए।
- पोत ईरान के जास्क बंदरगाह के पास, तेहरान से लगभग 1,270 किलोमीटर (790 मील) दक्षिण-पूर्व में ओमान की खाड़ी पर होर्मुज जलडमरूमध्य (फारस की खाड़ी का संकीर्ण मुहाना) के पास डूब गया।

7. AIRINC ग्लोबल 150 सिटीज इंडेक्स फॉर फाइनेंशियल अट्रैक्टिवनेस रैंकिंग में कौन सा शहर सबसे ऊपर है________**मनामा।**

नोट:

- वित्तीय आकर्षण की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले संकेतक - वेतन स्तर, निर्वाह-व्यय और एक विशेष बाजार में कर।
- MENA (मध्य पूर्व उत्तरी अफ्रीका) क्षेत्र के सात शहर शीर्ष 16 में शामिल थे।
- MENA क्षेत्र में हाइड्रोकार्बन से अलग एक आर्थिक विविधीकरण रणनीति विकसित करने वाला पहला देश। वर्तमान में, देश के सकल घरेलू उत्पाद का 80% से अधिक गैर-तेल क्षेत्र पर निर्भर करता है।

8. किस देश की संसद उत्तरी सागर में स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से दुनिया का पहला कृत्रिम द्वीप बनाएगी________**डेनमार्क।**

नोट:

- द्वीप का आकार 1 वर्ग मील (2.6 वर्ग किमी) होगा, यह परियोजना इस वर्ष के अंत में शुरू होगी।
- लिनेटहोम नामक विशाल द्वीप एक रिंग रोड, सुरंगों और मेट्रो लाइन के माध्यम से मुख्य भूमि से जोड़ा जाएगा।
- लिनेटहोम की योजनाओं के अंतर्गत इसके चारों ओर एक बांध प्रणाली का निर्माण होगा, जिसका उद्देश्य बढ़ते समुद्री स्तर और तूफान से बंदरगाह की रक्षा करना है।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. इंटरनेशनल बिजनेस बुक ऑफ द ईयर अवार्ड 2021 से किसे सम्मानित किया गया________**नितिन राकेश और जेरी विंड।**

नोट:

- यह पुस्तक उद्यमियों और व्यापार मालिकों के लिए संकट में भी व्यवसाय को कामयाब बनाने का ज्ञान प्रदान करती है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- नितिन राकेश आईटी कंपनी एमफेसिस के मुख्य कार्यकारी निदेशक (CEO) और कार्यकारी निदेशक हैं।
- उन्होंने 2019 में टेक इनोवेटर ऑफ द ईयर के लिए 'गोल्ड स्टीवी अवार्ड' जीता।
- जेरी विंड एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त शिक्षाविद हैं और वर्तमान में लॉडर प्रोफेसर एमेरिटस और व्हार्टन स्कूल, पेन्सिलवेनिया यूनिवर्सिटी में मार्केटिंग के प्रोफेसर हैं।

2. किसने एक पेड़ से चिपके एक ओरंगुटान की तस्वीर के लिए 2021 नेचर TTL फोटोग्राफी पुरस्कार जीता ________ **थॉमस विजयन।**

नोट:

- तस्वीर का शीर्षक 'द वर्ल्ड इज गोइंग अपसाइड डाउन' है।
- नेचर TTL फोटोग्राफर ऑफ द ईयर 2021 के लिए 8,000 से अधिक प्रविष्टियों में से विजयन को प्रतियोगिता का समग्र विजेता चुना गया, जिसमें 1,500 पाउंड (1.5 लाख रुपये) का शानदार पुरस्कार दिया जाता है।
- नेचर TTL दुनिया का अग्रणी ऑनलाइन नेचर फोटोग्राफी रिसोर्स है।

3. अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2021 किसने जीता__________ **डेविड डियोप।**

नोट:

- डेविड डियोप 'एट नाइट ऑल ब्लड इज़ ब्लैक' उपन्यास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाले पहले फ्रांसीसी उपन्यासकार बन गए हैं, यह अंग्रेजी में अनुवादित उनका पहला उपन्यास है।
- दो उपन्यासों के लेखक डियोप और अनुवादक एना मोशोवाकिस ने 50,000 पाउंड के वार्षिक पुरस्कार को आपस में बांटा, जो सर्वश्रेष्ठ लेखक और अंग्रेजी में अनुवादित किसी रचना के अनुवादक को दिया जाता है।

खेल समाचार

1. उस भारतीय पुरुष मुक्केबाज का नाम बताइए जिसने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2021 के 91 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता___________**संजीत।**

नोट:

- संजीत ने लेविट पर 4-1 से जीत हासिल की, जो टूर्नामेंट के अपने चौथे स्वर्ण के लिए प्रयास कर रहे थे और वह एक ओलंपिक रजत पदक विजेता हैं।
- इस संस्करण में 15 पदकों के साथ, भारत ने 2019 में हासिल किए गए इस चैंपियनशिप में अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया, जब देश ने दो स्वर्ण पदकों सहित कुल 13 पदक हासिल किए थे।

2. 2020-21 किआ NBA सिक्स्थ मैन अवार्ड किसने जीता_______**जॉर्डन क्लार्कसन।**

नोट:

- क्लार्कसन के लिए यह पहला सिक्स्थ मैन सम्मान है, जो जैज़ के साथ वार्षिक पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने।
- क्लार्कसन जैज़ फ्रैंचाइजी के इतिहास में पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं और उन्हें उनकी टीम के साथी और सिक्स्थ मैन ऑफ द ईयर फाइनलिस्ट जो इंगल्स द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- क्लार्कसन ने पहले स्थान के लिए 65 वोट प्राप्त किए और 100 स्पोर्ट्स राइटर्स और ब्रॉडकास्टर की वैश्विक समिति से कुल 407 अंक अर्जित किए।

3. त्सांग यिन-हंग किस देश से हैं जो माउंट एवरेस्ट की चोटी पर सबसे तेज पहुंचने वाली महिला पर्वतारोही बनीं ________ **हांगकांग।**

   नोट:

   - उन्होंने 2017 में नेपाली महिला फुंजो झांगमु लामा द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ा, जिन्होंने 39 घंटे और 6 मिनट में एवरेस्ट पर चढ़ाई की। 2017 में, त्सांग शिखर पर पहुंचने वाली हांगकांग की पहली महिला बनीं थीं।
   - 75 वर्षीय आर्थर मुइर 8,848.86 मीटर (29,031 फीट) की ऊंचाई पर माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले सबसे वृद्धि अमेरिकी बने।

4. टेनिस में, 2021 बेलग्रेड ओपन सिंगल्स का पहला संस्करण किसने जीता___________**नोवाक जोकोविच।**

   नोट:

   - बेलग्रेड ओपन एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (ATP) टूर 250 टेनिस टूर्नामेंट का भाग है।
   - 2021 बेलग्रेड ओपन एक आउटडोर क्ले कोर्ट टूर्नामेंट है।
   - बेलग्रेड ओपन 2021, फ्रेंच ओपन 2021 में एक सप्ताह देरी के कारण शुरू किया गया प्रतियोगिता का पहला संस्करण है।

5. सिफ़ान हसन किस देश से हैं, जिन्होंने 29 मिनट 6.82 सेकेंड का महिलाओं का 10,000 मीटर का विश्व रिकॉर्ड बनाया________**नीदरलैंड।**

   नोट:

   - इथियोपिया की अल्माज अयाना के नाम पर 2016 के रियो ओलंपिक में 29:17.45 का रिकॉर्ड दर्ज था, लेकिन हसन ने उस रिकॉर्ड से 10 सेकंड कम समय लिया।
   - हसन 2019 में दोहा में स्वर्ण जीतने वाली विश्व चैंपियन है और 28 वर्षीय हसन ने अगले महीने होने वाले टोक्यो खेलों से पहले प्रतिद्वंदियों को चुनौती दी है, प्रतियोगिता में शानदार जीत हासिल के जश्न में उन्होंने बाहें फैलाये अकेले कुछ दूर तक दौड़ लगाई।

6. बाकू में फॉर्मूला वन अजरबैजान ग्रैंड प्रिक्स 2021 किसने जीती ________**सर्जियो पेरेज़।**

   नोट:

   - ड्राइवर चैंपियनशिप लीडर और पेरेज़ के रेड बुल टीम के साथी मैक्स वेर्स्टाप्पेन की कार जीत से 4 लैप की दूरी पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।
   - मर्सिडीज के लुईस हैमिल्टन, इस बीच, टू-लैप शूटआउट में रेस जीतने के प्रयास में कोर्स से बाहर हो गए।
   - चार बार के चैम्पियन सेबेस्टियन वेट्टेल ने 11वें क्वालीफाई के बाद प्रभावपूर्ण तरीके से ड्राइव करते हुए एस्टन मार्टिन के लिए दूसरा स्थान हासिल किया।

पुस्तकें एवं लेखक

1. "लैंग्वेज ऑफ ट्रुथ: एसेज 2003-2020" पुस्तक किसने लिखी ___________**सलमान रुश्दी।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- उन्होंने कहा कि उनकी रचना को गलत समझा गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया क्योंकि साहित्यिक संस्कृति जीवशाला-युक्त कल्पनाशील लेखन से "ऑटोफिक्शन" के विनम्र आनंद की ओर चली गई है, जैसा कि ऐलेना फेरांटे और कार्ल ओवे नोसगार्ड की रचनाएं इसके उदाहरण हैं।

2. 'ऑल यू नीड इज जोश: इन्स्पायरिंग स्टोरीज ऑफ करेज एंड कन्विक्शन इन ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी इंडिया' पुस्तक किसने लिखी ___________ **सुप्रिया पॉल।**

नोट:

- यह पुस्तक ब्लूम्सबरी द्वारा प्रकाशित की गई है।
- इसमें कुछ विशिष्ट व्यक्तियों की कहानियां हैं जिनका उद्देश्य उन लोगों तक पहुंचना है जो कठिन समय के दौरान आशा और सहूलियत की तलाश में हैं।

विज्ञान एवं रक्षा

1. किस IIT ने एक उपकरण 'AmbiTag' विकसित किया है, जो टीकों, शरीर के अंगों और रक्त को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के दौरान परिवेशी तापमान को रिकॉर्ड करता है ___________ **IIT रोपड़।**

नोट:

- 'AmbiTag' एक यूएसबी के आकार का उपकरण है जो एक बार चार्ज करने पर पूरे 90 दिनों तक किसी भी टाइम जोन में अपने आसपास -40 से +80 डिग्री तक तापमान को लगातार रिकॉर्ड करता है।
- सब्जियों, मांस और डेयरी उत्पादों सहित खराब होने वाली वस्तुओं के अलावा यह पारगमन के दौरान पशु वीर्य के तापमान की निगरानी भी कर सकता है।
- अभी तक, इस तरह के उपकरणों को भारत द्वारा सिंगापुर, हांगकांग, आयरलैंड और चीन जैसे अन्य देशों से भारी मात्रा में आयात किया जा रहा है।

2. किस IIT ने एक "स्मार्ट विंडो" पदार्थ विकसित किया है जो एक अनुप्रयुक्त वोल्टेज की अनुक्रिया में इससे गुजरने वाली ऊष्मा और प्रकाश की मात्रा को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर सकता है_________ **IIT गुवाहाटी।**

नोट:

- यह पदार्थ इमारतों में स्वचालित जलवायु नियंत्रण प्रणाली विकसित करने में मदद कर सकता है।
- वैज्ञानिकों ने दावा किया कि ऐसा पदार्थ इमारतों में कुशल स्वचालित जलवायु नियंत्रण प्रणाली विकसित करने में मदद कर सकता है।
- यह अध्ययन हाल ही में 'सोलर एनर्जी मैटेरियल्स एंड सोलर सेल्स' पत्रिका में प्रकाशित हुआ था।

3. किस अंतरिक्ष एजेंसी ने एक प्लैक-फाइटिंग टूथपेस्ट प्रयोग और शक्तिशाली सौर पैनलों के साथ हजारों छोटे समुद्री जीवों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए लॉन्च किया है_________**स्पेसएक्स।**

नोट:

- स्पेसएक्स का फाल्कन रॉकेट कैनेडी स्पेस सेंटर से दोपहर के समय उड़ा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- पहले चरण का बूस्टर एक नया बदलाव था, जो उड़ान के काफी मिनट बाद एक अपतटीय प्लेटफॉर्म पर उतरा ताकि इसे नासा अंतरिक्ष यात्री की स्पेस फ्लाइट के लिए रिसाइकिल किया जा सके।
- ड्रैगन कार्गो कैप्सूल (यह भी बिल्कुल नया) अंतरिक्ष स्टेशन की पुरानी होती पावर ग्रिड को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किए गए उच्च तकनीक वाले सौर पैनलों के तीन सेटों में से पहला है।

4. नासा द्वारा DAVINCI+ और VERITAS दो नए मिशन घोषित किए गए, ये किससे संबंधित हैं ________ **शुक्र।**

नोट:

- इसका उद्देश्य सौर मंडल का पता लगाना और उसका अध्ययन करना है।
- DAVINCI+ (डीप एटमॉस्फियर वीनस इन्वेस्टिगेशन ऑफ नोबल गैस, केमिस्ट्री, एंड इमेजिंग) मिशन।
- VERITAS (वीनस इमीशिविटी, रेडियो साइंस, InSAR, टोपोग्राफी, एंड स्पेक्ट्रोस्कोपी)।
- शुक्र ग्रह पर जाने वाला पिछला अमेरिकी प्रॉब 1990 में मैगलन ऑर्बिटर था।

--------------0--------------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co